तापमान
अधिकतम 31 डिग्री
न्यूनतम 24 डिग्री

हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, शुक्रवार 31 जुलाई 2026

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

13 सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ ...



14 सावन के पहले दिन शिवालयों में उमड़ी आस्था



### जिलास्तरीय शाला प्रवेशोत्सव में शामिल हुए प्रभारी मंत्री, पौधे भी रोपे, बच्चों के साथ न्योता भोज किया

# शिक्षा ही राष्ट्र निर्माण की सबसे बड़ी ताकत : टंकराम

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

नवीन शैक्षणिक सत्र के शुभारंभ पर गुरुवार को मराठा मंगल भवन में जिला स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश के राजस्व एवं जिले के प्रभारी मंत्री टंकराम वर्मा थे। समारोह में नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर और पुष्पवर्षा के साथ स्वागत किया गया। विद्यार्थियों को निःशुल्क पाठ्यपुस्तकें, गणवेश, सरस्वती साइकिल योजना के तहत साइकिल तथा दिव्यांग विद्यार्थियों को सहायक सामग्री वितरित की गई।







कार्यक्रम की शुरुआत प्रभारी मंत्री टंकराम वर्मा ने नूतन विद्यालय परिसर में पौधरोपण कर की। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है और अधिक से अधिक पौधे लगाकर आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित भविष्य तैयार ▶▶ शेष पेज 13 पर

### विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ने की सीख

अपने संबोधन में टंकराम वर्मा ने कहा कि शिक्षा ही व्यक्ति के व्यक्तित्व और राष्ट्र निर्माण की सबसे बड़ी शक्ति है। उन्होंने विद्यार्थियों से अनुशासन, मेहनत और सकारात्मक सोच के साथ पढ़ाई करने का आह्वान किया। सफलता केवल कार्य करने से नहीं, बल्कि उसके पीछे के उद्देश्य से मिलती है। प्रत्येक विद्यार्थी को जीवन में बड़ा लक्ष्य निर्धारित कर पूरी निष्ठा से उसे प्राप्त करने का प्रयास करना चाहिए। अभिभावकों से बच्चों को अच्छे संस्कार देने तथा शिक्षकों से विद्यार्थियों में जिज्ञासा, नवाचार और नैतिक मूल्यों का विकास करने का आग्रह भी किया।

### बच्चों की शिक्षा आर्थिक कारणों से प्रभावित न हो

*प्रभारी मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार विद्यालयों में आधारभूत सुविधाओं का विस्तार, डिजिटल शिक्षा, छात्रवृत्ति, निःशुल्क पाठ्यपुस्तक, गणवेश तथा अन्य छात्र हितैषी योजनाओं के माध्यम से प्रत्येक बच्चे तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पहुंचाने के लिए लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी बच्चे की शिक्षा आर्थिक या सामाजिक कारणों से प्रभावित नहीं होने दी जाएगी। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुति देकर सभी का मन मोह लिया। प्रभारी मंत्री ने बच्चों के साथ आत्मीयता से न्योता भोज भी किया।*

### नियमित अध्ययन और अनुशासन का दिया संदेश

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने स्वागत भाषण में जिले की शिक्षा व्यवस्था, अधोसंरचना विकास, नवाचार और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती मधुलता तिवारी ने विभागीय प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा एवं महापौर रामू रोहरा ने विद्यार्थियों को नए शैक्षणिक सत्र की शुभकामनाएं देते हुए नियमित अध्ययन और अनुशासन का संदेश दिया।



# 90 बोरी प्रतिबंधित पानी पाउच जब्त, 9 हजार अर्थदंड

- नगर निगम व आबकारी विभाग ने की संयुक्त कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा एवं नगर निगम आयुक्त अरुण कुमार वर्मा के निर्देश पर नगर पालिक निगम और आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने गुरुवार को शहर में प्रतिबंधित पॉलीथिन, अवैध पानी पाउच, सिंगल यूज़ प्लास्टिक तथा गंदगी फैलाने वालों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाकर सख्त कार्रवाई की।

संयुक्त टीम ने दानीटोला, सिहावा रोड और सोरिद क्षेत्र में निरीक्षण किया। इस दौरान नियमों का उल्लंघन करने वाले खोमचा संचालकों के पास से लगभग 90 बोरी प्रतिबंधित पानी पाउच एवं 10 पैकेट डिस्पोजल सामग्री जब्त की गई। साथ ही सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी फैलाने और प्रतिबंधित सामग्री का उपयोग करने वाले संबंधित संचालकों से कुल 9,000 रूपए का अर्थदंड भी वसूला गया। नगर निगम प्रशासन ने बताया कि शहर को स्वच्छ एवं प्लास्टिक मुक्त बनाने के उद्देश्य से इस तरह का अभियान लगातार जारी रहेगा। प्रतिबंधित पॉलीथिन, अवैध पानी पाउच और ▶▶ शेष पेज 13 पर

# जमीन पर सो रही महिला को सांप ने काटा, मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

जहरीले सांप के काटने से महिला को गंभीर हालत में अस्पताल लाया जा रहा था लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले महिला की मौत हो गई।

अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार मगरलोड थाना क्षेत्र के ग्राम मड़ेली निवासी रूपौतिन बाई कमार पति जीवनलाल उम्र 48 वर्ष खेती-किसानी का काम करती थी। मंगलवार की रात्रि महिला खाना खाकर जमीन पर सो रही थी। इसी दौरान बुधवार की सुबह लगभग 5 बजे जहरीले सांप ने जमीन पर सो रही महिला के बांये पैर की एड़ी के पास काट लिया। चुभन का एहसास होने पर महिला की नींद खुल गई। उसने पैर के पास एक जहरीले सांप को बैठा देखा। ▶▶ शेष पेज 13 पर








## खबर संक्षेप

### रफी की याद में 31 जुलाई को कुरुद में संगीतमय श्रद्धांजलि



**कुरुद।** महान पार्श्व गायक मोहम्मद रफी की पुण्यतिथि पर 31 जुलाई को शाम 7 बजे मंगल भवन, कुरुद में न्यू कराओके मेलोडी सिंगर्स ग्रुप द्वारा तुम मुझे यूँ भुला ना पाओगे संगीतमय श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित होगा। स्थानीय कलाकार रफी के सदाबहार गीतों की प्रस्तुति देंगे। आयोजकों ने सभी संगीत प्रेमियों से कार्यक्रम में शामिल होकर रफी साहब को सामूहिक श्रद्धांजलि अर्पित करने की अपील की है।

### भारी बारिश से नदी नाले हैं उफान पर

**पखांजुर।** क्षेत्र में लगातार हो रही मूसलाधार वर्षा के कारण पखांजुर एवं आसपास के इलाकों में जनजीवन गंभीर रूप से प्रभावित हो गया है। छोटे-बड़े नदी-नाले उफान पर हैं, जिससे कई मार्गों पर आवागमन बाधित हो गया है। लगातार हो रही वर्षा के चलते बांदे-इरपनार मार्ग पूरी तरह अवरुद्ध हो गया है। मार्ग पर स्थित सावेर नाला उफान पर होने से उसके ऊपर तेज बहाव के साथ पानी बह रहा है, जिसके कारण वाहनों की आवाजाही पूरी तरह बंद कर दी गई है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए पुलिस विभाग की टीम मौके पर तैनात है। पुलिस द्वारा लोगों को उफनते नाले को पार नहीं करने की समझाइश दी जा रही है तथा सुरक्षा व्यवस्था पर लगातार नजर रखी जा रही है, ताकि किसी प्रकार की अप्रिय घटना न हो। लगातार हो रही वर्षा से क्षेत्र में आवागमन, कृषि कार्य और दैनिक जीवन प्रभावित हुआ है।

# स्पॉन संवर्धन योजना बनी आजीविका का सशक्त आधार

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

ग्रामीण आजीविका को सुदृढ़ बनाने तथा मत्स्य उत्पादन में वृद्धि के उद्देश्य से संचालित शासन की स्पॉन संवर्धन योजना जिले के मत्स्य पालकों के लिए वरदान साबित हो रही है।

इसी कड़ी में 27 जुलाई को शासकीय मत्स्य बीज प्रक्षेत्र सांकरा में ग्राम पंचायत चरमुड़िया के हितग्राही हरिश्चंद्र जांगड़े को योजना अंतर्गत 23 लाख स्पॉन (जीरा आकार के मछली बीज) का वितरण किया गया। यह सहायता उनके मत्स्य पालन व्यवसाय को नई दिशा देने के साथ-साथ आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

हरिश्चंद्र जांगड़े लंबे समय से मत्स्य पालन से जुड़े हैं। उनका मानना है कि यदि समय पर गुणवत्तायुक्त मछली बीज उपलब्ध हो जाए तो उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि के साथ बेहतर आय अर्जित की जा सकती है। पहले उन्हें निजी स्त्रोतों से महंगे दाम पर बीज खरीदना पड़ता था, जिससे लागत बढ़ जाती थी और कई बार गुणवत्तापूर्ण बीज भी उपलब्ध नहीं हो पाता था।

## 23 लाख मछली बीज प्राप्त कर आत्मनिर्भरता की ओर बढ़े हरिश्चंद्र जांगड़े

### वैज्ञानिक संवर्धन से उत्पादन में वृद्धि की उम्मीद

23 लाख स्पॉन को वैज्ञानिक पद्धति से संवर्धित कर आगे फिंगरलिंग एवं मत्स्य बीज के रूप में विकसित किया जाएगा। इससे न केवल स्थानीय स्तर पर गुणवत्तायुक्त मछली बीज की उपलब्धता बढ़ेगी, बल्कि आसपास के मत्स्य पालकों को भी समय पर बीज उपलब्ध कराया जा सकेगा।



### आधुनिक तकनीक से बदलता मत्स्य पालन का स्वरूप

श्री जांगड़े बताते हैं कि मत्स्य पालन आज पारंपरिक व्यवसाय से आगे बढ़कर लाभकारी उद्यम का स्वरूप ले चुका है। आधुनिक तकनीकों, वैज्ञानिक प्रबंधन और शासन की योजनाओं के सहयोग से कम समय में बेहतर उत्पादन प्राप्त किया जा सकता है। उनका लक्ष्य आगामी वर्षों में अपने मत्स्य बीज उत्पादन का विस्तार करना तथा अन्य युवाओं और किसानों को भी इस क्षेत्र से जोड़ना है।

### शासन की आत्मनिर्भरता की दिशा में पहल

*मत्स्य विभाग के अधिकारियों के अनुसार स्पॉन संवर्धन योजना का उद्देश्य केवल मछली बीज का वितरण करना नहीं, बल्कि जिले में गुणवत्तापूर्ण मत्स्य बीज उत्पादन की आत्मनिर्भर व्यवस्था विकसित करना है। हितग्राहियों को तकनीकी मार्गदर्शन, वैज्ञानिक पालन पद्धति तथा समय-समय पर आवश्यक सलाह भी उपलब्ध कराई जाती है, जिससे उत्पादन की गुणवत्ता और सफलता दर में वृद्धि हो।*

लगातार बारिश से किसानों की बढ़ी चिंता, पौधों के खराब होने की आशंका

# जोरातराई नाला उफान पर सैकड़ों एकड़ फसल डूबी





हरिभूमि न्यूज ▶▶अंवरी

क्षेत्र में पिछले कई दिनों से जारी बारिश ने जनजीवन को प्रभावित कर दिया है। तेज बारिश के चलते जोरातराई( अ) नाला उफान पर आ गया है, जिससे ग्रामीणों का आवागमन बाधित हो गया है। नाला में पानी का तेज बहाव होने के कारण लोगों को जान जोखिम में डालकर आवाजाही करनी पड़ रही है।

लगातार हो रही वर्षा के कारण नाला के आसपास स्थित सैकड़ों एकड़ कृषि भूमि पानी में डूब गई है। खेतों में खड़े धान सहित अन्य फसल जलमग्न होने से किसानों को भारी आर्थिक नुकसान की आशंका है। फसल बचाने की उम्मीद में किसान लगातार मौसम पर नजर बनाए हुए हैं, लेकिन बारिश नहीं थमने से उनकी चिंता बढ़ती जा रही है।

ग्रामीणों का कहना है कि हर वर्ष बारिश के मौसम में जोरातराई (अ) नाला उफान पर आने से यही स्थिति बनती है, जिससे आवागमन के साथ-साथ खेती भी प्रभावित होती है।

यदि आने वाले दिनों में बारिश का दौर जारी रहा तो क्षेत्र में जलभराव की समस्या और गंभीर हो सकती है, जिससे किसानों के साथ-साथ आम लोगों की मुश्किलें भी बढ़ने की आशंका है।

## राम मंदिर में भजन-कीर्तन के साथ 151 दीप प्रज्ज्वलित

- भाजपाइयों ने मनाई संत रविदास की 650वीं जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

गुरु पूर्णिमा के अवसर पर राम मंदिर कुरूद में भाजपा परिवार कुरूद एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा संत शिरोमणि गुरु रविदास की 650वीं जयंती श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर भजन-कीर्तन, 151 दीप प्रज्ज्वलन तथा संत रविदास के विचारों का स्मरण किया गया।

नगर पालिकाध्यक्ष ज्योति चंद्राकर ने कहा कि भाजपा इस वर्ष संत रविदास की 650वीं जयंती को उत्सव के रूप में मना रही है। उन्होंने आयोजन में शामिल सभी सामाजिक कार्यकर्ताओं का वंदन-अभिनंदन किया और संत रविदास के समरसता, समानता एवं मानव सेवा के संदेश को आत्मसात करने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में त्रिलोकचंद जैन, कुलेश्वर चंद्राकर, भानू चंद्राकर, मालकराम साहू, खिलावन यादव,



कमलेश चंद्राकर, सत्यम चंद्राकर, केशव चंद्राकर, रामायणलाल साहू, जितेंद्र चंद्राकर, प्रवीण चंदेल, राजू चंद्राकर, शशांक कृदंत, कुलेश्वर सिन्हा, लक्ष्मीकांत द्विवेदी, उत्तम साहू, खिलेन्द्र साहू, प्रिंस चंद्राकर सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, सामाजिक कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## तनावमुक्त एवं संतुलित जीवन जीने की कला सीखी



- आर्ट ऑफ लिविंग एडवांस मेडिटेशन प्रोग्राम का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

आर्ट ऑफ लिविंग धमतरी इकाई द्वारा कबीर आश्रम रत्नाबांधा रोड धमतरी में आयोजित चार दिवसीय एडवांस मेडिटेशन प्रोग्राम का समापन हुआ। कार्यक्रम में धमतरी, कोंडागांव, नारायणपुर, अभनपुर, जगदलपुर सहित अन्य स्थानों से आए साधकों ने भाग लेकर ध्यान, मौन, योग एवं आत्मचिंतन के माध्यम से गहन आध्यात्मिक अनुभव प्राप्त किया। कार्यक्रम का संचालन आर्ट ऑफ लिविंग के वरिष्ठ प्रशिक्षक गुरुशरण ने किया। उन्होंने चार दिनों तक विभिन्न ध्यान प्रक्रियाओं, योग, प्राणायाम, मौन साधना एवं आध्यात्मिक ज्ञान के माध्यम से प्रतिभागियों को तनावमुक्त, प्रसन्न एवं संतुलित जीवन जीने की प्रेरणा दी। नियमित साधना, सेवा और सत्संग के माध्यम से व्यक्ति अपने जीवन में सकारात्मक परिवर्तन ला सकता है तथा समाज में भी सद्भाव और मानवीय मूल्यों का प्रसार कर सकता है। कबीर आश्रम के संत रविकर साहेब ने कहा कि वर्तमान समय में मानसिक शांति, आध्यात्मिक जागरूकता और मानवीय मूल्यों की अत्यंत आवश्यकता है। मौके पर सुमिता पंजवानी, रमाकांत सरोज, पीएन साहू, कोमल थवाइत, भोजराज सिन्हा समेत अन्य कई साधक मौजूद रहे।

## प्राचार्यों ने वार्षिक कार्य योजना पर बनाई रणनीति






हरिभूमि न्यूज ▶▶मगरलोड

सरस्वती शिशु मंदिरों के प्राचार्यों और प्रधानाचार्या की तीन दिवसीय जिला स्तरीय वार्षिक कार्य योजना बैठक 24 से 26 जुलाई तक ग्राम कोसमर्रा में हुई।

इस दौरान वार्षिक कैलेंडर विषय आधारित प्रशिक्षण, डिजिटल स्मार्ट क्लास का संचालन और नवोदय, एकलव्य तथा प्रयास विद्यालयों में बच्चों की चयन प्रक्रिया, जिला खेलकूद प्रतियोगिता, संस्कृति महोत्सव और संस्कृति ज्ञान परीक्षा, नवीन प्रवेश सत्र, ऑडिट, राज्य कर्मचारी बीमा, भविष्य निधि और आरटीई के तहत अध्ययनरत विद्यार्थियों की जानकारी दी गई।

संस्कार केंद्र का संचालन और पंच परिवर्तन जैसे सामाजिक अभियानों की चर्चा कर योजना बनाकर विद्यालय में क्रियान्वित करने प्रधानाचार्यों से आग्रह किया गया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि सिंधु बैस सदस्य जनपद पंचायत कुरुद ने कहा कि सरस्वती शिशु मंदिर एक ऐसी संस्था है जो बेटियों को वीरांगना और बेटों को ध्रुव, प्रहलाद तथा लव-कुश जैसा चरित्रवान बनाने का काम कर रही है।

इस अवसर पर जिला समन्वयक थानसिंग साहू, संकुल प्रमुख चेलाराम पटेल, ओंकार साहू, मिथिलेश साहू, भानू सोम, देवेंद्र साहू, प्रहलाद पटेल सहित जिले भर के सभी शिशु मंदिरों के प्राचार्य एवं प्रधानाचार्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## ट्रैक्टर की टक्कर से बंदर की मौत



बजरंग दल ने विधि-विधान से किया अंतिम संस्कार

**सिर्री।** ग्राम चिंवरी में ट्रैक्टर की टक्कर से एक बंदर की मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल चिंवरी के कार्यकर्ता तत्काल मौके पर पहुंचे। कार्यकर्ताओं ने मृत बंदर के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए पूरे विधि-विधान एवं सम्मान के साथ उसका अंतिम संस्कार किया। इस दौरान कुरुद प्रखंड सहसंयोजक गजेंद्र साहू, चिंवरी खंड अध्यक्ष सतीश साहू, सत्यम ध्रुव, गौ रक्षक दिनेश साहू, मठ-मंदिर प्रमुख रवि, यमन वर्मा, गोपेश, तामेश्वर साहू सहित अन्य बजरंग दल के कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यकर्ताओं ने वन्य जीवों के संरक्षण तथा उनके प्रति संवेदनशीलता बनाए रखने का संदेश भी दिया।

## निधन

### उषा खुटियारे



**सिर्री।** ग्राम कोड़ेबोड़ (भाटापारा) निवासी उषा खुटियारे उम्र 65 वर्ष का निधन 28 जुलाई मंगलवार को हो गया है। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम में किया गया। वे रेशम लाल खुटियारे की पत्नी और कैलाश, अनिल खुटियारे की माता थी। उनको श्रद्धांजलि अर्पित करने काफी संख्या में परिजन, समाजजन एवं ग्रामीणों की उपस्थिति रही।

## अमलीडीह में गुरु पूर्णिमा पर हुआ पौधारोपण



हरिभूमि न्यूज ▶▶कोर्रा(भखारा)

ग्राम अमलीडीह में जय मां बम्लेश्वरी सेवा समिति एवं ग्रामवासियों के सहयोग से गुरु पूर्णिमा पर पौधरोपण कार्यक्रम रखा गया। कार्यक्रम के अतिथि भारती साहू जनपद सदस्य पीपरछेड़ी, नेमिन साहू सरपंच, टाटेश्वर साहू उपसरपंच, जगदीश साहू अध्यक्ष ग्राम विकास समिति, श्रीमती तिलेश्वरी साहू सदस्य राधा रानी समिति अमलीडीह, राजकुमार यादव अध्यक्ष जय मां बम्लेश्वरी सेवा समिति, लक्ष्मीनारायण साहू उपाध्यक्ष जय मां बम्लेश्वरी सेवा समिति, यंजू साहू सचिव, दिनेश कुमार बनपेला सहसचिव, देवनाथ साहू कोषाध्यक्ष जय मां बम्लेश्वरी सेवा समिति अमलीडीह थे।

## बिरेतरा स्कूल में हुआ छात्रसंघ का शपथ ग्रहण समारोह

- शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष ने दिलाई शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिरेतरा में छात्र संघ के प्रमुख पदाधिकारियों का निर्वाचन लोकतांत्रिक प्रत्यक्ष निर्वाचन प्रणाली एवं अन्य पदाधिकारियों का मनोनयन करने के उपरांत शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष भेद लाल साहू, अध्यक्षता प्राचार्य गेवाराम नेताम तथा अतिथि के रूप में समिति के वरिष्ठ सदस्य गण नरेंद्र साहू ,तोरण लाल साहू, उपाध्यक्ष गुंजन साहू, अमृता ध्रुव, रंजू राजपुरिया, तिलोचना साहू, मीना साहू, चमेली साहू सहित संस्था के



वरिष्ठ व्याख्याता गण खिलेश कुमार साहू, चोवाराम चंद्राकर, रोहित साहू, सहित शिक्षक गण उपस्थित थे। पदाधिकारियों को शपथ शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष भेद लाल साहू ने दिलाया। प्राचार्य गेवाराम नेताम द्वारा स्वागत उद्बोधन में छात्र संघ गठन के उद्देश्य, महत्व तथा पदाधिकारियों के उत्तरदायित्व पर प्रकाश डाला। छात्र संघ पदाधिकारियों में संयोजक सुमन साहू, अध्यक्ष रविन्द्र टी., उपाध्यक्ष रूद्रप्रताप, सचिव खोमेश कुमार, सह सचिव साहिल कुमार, अनुशासन प्रमुख मेनका आदि छात्रों को जिम्मेदारी दी गई है। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता चेतन लाल देवांगन ने किया।

इस अवसर पर संस्था के व्याख्याता एवं शिक्षक गण खेदी साहू, डी. संगीता राव, शाजिया परवीन, अश्वनी पाटकर, दुलेश्वर सिंह साहू, माला साहू, वर्षा साहू, ईगन साहू सहित स्टाफ उपस्थित थे।

### नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि संतोषी पिता सावंतराम, जाति तेली, पति महेश कुमार साहू, निवासी-ग्राम गागरा, तहसील एवं जिला-धमतरी (छत्तीसगढ़) ने विधिवत शपथपत्र के माध्यम से अपना नाम परिवर्तित कर जानकी बाई साहू पति महेश कुमार साहू निवासी-भिरई, बालोद वार्ड नं. 12 भिरई (खास), पलारी बालोद (छत्तीसगढ़) 491222 रख लिया है।

अतः आज दिनांक से संतोषी एवं जानकी बाई साहू एक ही व्यक्ति के नाम हैं। भविष्य में सभी शासकीय, अर्द्धशासकीय, बैंकिंग, शैक्षणिक, सामाजिक एवं अन्य सभी प्रकार के अभिलेखों एवं कार्यों में जानकी बाई साहू नाम ही मान्य एवं उपयोग में लिया जाएगा।

यदि किसी व्यक्ति या संस्था को इस नाम परिवर्तन के संबंध में कोई आपत्ति हो, तो वह निर्धारित विधिक प्रक्रिया के अनुसार संबंधित सक्षम प्राधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कर सकता/सकती है।

**पुराना नाम : संतोषी**
**निवासी-ग्राम गागरा, तहसील एवं जिला-धमतरी (छत्तीसगढ़)**

**नया नाम : जानकी बाई साहू**
**पति महेश कुमार साहू**
**निवासी-भिरई, बालोद वार्ड नं. 12 भिरई (खास), पलारी बालोद (छत्तीसगढ़) 491222**




## गुरु और शिष्य का संबंध दीपक के समान

- जीजामगांव महाविद्यालय में गुरु पूर्णिमा एवं महर्षि वेदव्यास जयंती मनाई गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶जीजामगांव

स्थानीय दाऊ कल्याण सिंह सोनवानी महाविद्यालय जीजामगांव में गुरु पूर्णिमा एवं महर्षि वेदव्यास जयंती मनाई गई। इस अवसर पर पृथ्वीराज साहू ने गुरु पूर्णिमा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए गुरु-शिष्य परंपरा की महत्ता का उल्लेख किया। आरआर डिगरे ने कहा कि गुरु और शिष्य का संबंध अत्यंत पवित्र एवं श्रेष्ठ होता है। आधुनिक समय में इस संबंध की गरिमा और नैतिक मूल्यों में कमी दिखाई दे रही है, जबकि गुरु और





शिष्य का संबंध दीपक के समान होता है, जो ज्ञान के प्रकाश से जीवन का अंधकार दूर करता है। तारिणी साहू ने कहा कि गुरु अज्ञान रूपी अंधकार को समाप्त कर ज्ञान का प्रकाश फैलाते हैं।

ऋतुराज साहू ने कहा कि महर्षि वेदव्यास की जयंती पर ही गुरु पूर्णिमा मनाई जाती है। उन्होंने महाभारत जैसे महान महाकाव्य की रचना की तथा एक वेद को चार वेदों में विभाजित कर मानव समाज को ज्ञान का अमूल्य भंडार प्रदान किया। पुष्पा दर्रो ने कहा कि महर्षि वेदव्यास के जीवन से विद्यार्थियों को निरंतर सीखते हुए आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। दीप्ति अदिले ने महर्षि वेदव्यास द्वारा वेदों के विभाजन एवं भारतीय संस्कृति के संरक्षण में उनके योगदान को स्मरण किया। प्राचार्य डॉ. सीआर यदु ने कहा कि यह भारतीय संस्कृति का अत्यंत महत्वपूर्ण पर्व है। विद्यार्थी पुस्तकीय ज्ञान के साथ-साथ नैतिक संस्कारों को भी अपने जीवन में अपनाएं। मौके पर सहायक प्राध्यापक अनिल जांगड़े, टाकेश्वर साहू, डेविड कुर्रे, लीना बैस, टाकेश साहू सहित महाविद्यालय के प्राध्यापकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।



## खबर संक्षेप

### नीरज हत्याकांड : आरोपी पुलिस से कोसों दूर

■ 22 जुलाई को खट्टी नारी पुल में दिनदहाड़े युवक की हुई थी हत्या

**मगरलोड।** खट्टी नारी के मध्य उच्चस्तरीय पुल में 22 जुलाई बुधवार को दिनदहाड़े युवक की बेरहमी से हत्या कर आरोपी फरार हो गया है। घटना को नौ दिन गुजरने के बाद भी पुलिस आरोपी को पकड़ने में सफल नहीं हुई है। नीरज हत्याकांड की गुत्थी सुलझाने साइबर सेल, कुरूद, मगरलोड करेली बड़ी, बिरेझर चौकी पुलिस रात दिन कड़ी मेहनत कर रही है। 30 जुलाई तक आरोपी पुलिस के हाथ नहीं लगी है। नौ दिन चले अढ़ाई कोस वाली कहावत चरितार्थ हो रही है। मृतक नीरज साहू कुंडेल के पिताजी एक सामाजिक व्यक्ति हैं। हत्याकांड से परिवार सहित साहू समाज आहत हुआ है। करेली बड़ी परिक्षेत्र साहू समाज ने चौकी में लिखित आवेदन कर आरोपी को जल्द गिरफ्तार कर न्याय की मांग की है। मेघा महानदी से आवागमन बंद होने के बाद खट्टी नारी पुल मार्ग से आवागमन जारी है। व्यस्त मार्ग में खुलेआम युवक की हत्या कर आरोपी का फरार हो जाना और 9 दिन का समय बीतने के बाद भी पुलिस के हाथ खाली होना गले नहीं उतर रही है। नीरज हत्याकांड को सुलझाने पुलिस काफी पसीना बहा रही है। इस संबंध में कुरूद एसडीओपी रागिनी मिश्रा ने बताया कि मामले की जांच जारी है। आरोपी जल्द ही पुलिस गिरफ्त में होगी।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### शिक्षा ही राष्ट्र निर्माण ...

किया जा सकता है। इसके बाद शाला प्रवेशोत्सव में नवप्रवेशी बच्चों का आत्मीय स्वागत किया गया। मंच से विद्यार्थियों को पाठ्यपुस्तकें, गणवेश और साइकिलें प्रदान की गईं, जबकि दिव्यांग विद्यार्थियों को उनकी आवश्यकता के अनुरूप सहायक सामग्री उपलब्ध कराई गई। शैक्षणिक, खेल, सांस्कृतिक एवं सह-शैक्षणिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक श्रीमती रंजना साहू, प्रकाश बैस, अंगिरा ध्रुव, गौकरण साहू , महेंद्र पंडित, विभा चंद्राकर, धनेश्वरी साहू, मोनिका देवांगन, रितिका यादव समेत अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी, शिक्षक, अभिभावक तथा बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।

### 90 बोरी प्रतिबंधित पानी ...

सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। कार्रवाई के दौरान निगम के प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी शशांक मिश्रा, आबकारी अधिकारी निशांत संधु सहित नगर निगम एवं आबकारी विभाग की संयुक्त टीम उपस्थित रही।

### जमीन पर सो रही ...

महिला ने आवाज देकर अपने पुत्र योगेश को बुलाया। योगेश ने जाकर देखा तो जहरीला सांप उसकी मां के पैर के पास ही था। परिजन महिला को तत्काल उपचार के लिये मगरलोड अस्पताल ले गये। प्राथमिक उपचार के बाद महिला को रिफर कर दिया। गंभीर हालत में महिला को इलाज के लिये जिला अस्पताल लाया जा रहा था लेकिन महिला की रास्ते में ही मौत हो गई। जिला अस्पताल पहुंचने पर डाक्टर ने चेकअप के बाद महिला को मृत घोषित कर दिया। चौकी पुलिस ने बुधवार को शव का पंचनामा व पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है।

# ग्राहक बनकर आया शातिर, नवकार ज्वेलर्स से करीब 7 लाख के सोने के आभूषण पार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

नगर के मुख्य मार्ग स्थित नवकार सोने-चांदी ज्वेलर्स में ग्राहक बनकर आए एक शातिर व्यक्ति द्वारा लगभग 7 लाख रुपये मूल्य के सोने के आभूषणों से भरा बॉक्स चोरी किए जाने का मामला सामने आया है। घटना की पूरी गतिविधि दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है। मामले की शिकायत नगरी थाना में दर्ज कराई गई है, जिसके आधार पर पुलिस जांच में जुट गई है।

दुकान संचालक सन्नी छाजेड़ ने बताया कि 23 जुलाई को लगभग 35 से 40 वर्ष आयु का एक व्यक्ति ग्राहक बनकर दुकान पर पहुंचा। उसने पहले सोने का एक लॉकेट पसंद किया और 500 रुपये अग्रिम देते हुए कहा कि वह दो-तीन घंटे बाद शेष 7,500 रुपये लेकर लौटेगा। इसके बाद उसने सोने की बालियां देखने की इच्छा जताई।

**घटना को अंजाम देने वाले व्यक्ति की तस्वीर सीसीटीवी में में कैद**



दुकान कर्मचारियों ने उसे करीब 7 लाख रुपये मूल्य की सोने की बालियों से भरा बॉक्स दिखाया। उसने एक जोड़ी बाली पसंद करते हुए कुछ देर बाद भुगतान कर लेने की बात कही और दुकान से चला गया। दुकान संचालक के अनुसार देर रात तक उक्त व्यक्ति का इंतजार किया गया, लेकिन वह वापस नहीं लौटा। अगले दिन जब एक अन्य ग्राहक को सोने की बालियां दिखाने के लिए बॉक्स तलाशा गया, तब पता चला कि आभूषणों से भरा पूरा बॉक्स गायब है। सन्नी ने नगरी थाना में शिकायत दर्ज कराते हुए आरोप लगाया है कि ग्राहक बनकर आए शातिर व्यक्ति ने बड़ी सफाई से आभूषणों का बॉक्स पार कर दिया। उन्होंने घटना से संबंधित सीसीटीवी फुटेज भी पुलिस को सौंप दिए हैं। फुटेज में संदिग्ध व्यक्ति दो अन्य साथियों के साथ दिखाई दे रहा है। साथ ही दुकान से निकलने के बाद वह अपने एक साथी की मोटरसाइकिल पर बैठकर जाते हुए भी नजर आ रहा है।

टीआई श्री नेताम ने कहा कि शिकायत और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है तथा संदिग्धों की पहचान कर उनकी तलाश की जा रही है। पुलिस का कहना है कि जांच के बाद ही घटना के संबंध में आगे की कार्रवाई और तथ्यों की पुष्टि की जाएगी।

### जिला कांग्रेस कमेटी की संगठनात्मक बैठक में बनी रणनीति

# सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ कांग्रेस करेगी बड़ा आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी





जिला कांग्रेस कमेटी की संगठनात्मक बैठक राजीव भवन में हुई, जिसमें संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने और जनहित के मुद्दों पर आक्रामक रुख अपनाने की रणनीति तैयार की गई। बैठक में मुख्य रूप से जिला संगठन प्रभारी विनोद तिवारी और महासमुंद लोकसभा प्रभारी सकलेन कामदार उपस्थित रहे।

इस दौरान प्रभारियों ने ब्लॉक एवं जिला स्तर पर चल रही संगठनात्मक गतिविधियों की समीक्षा की और कमियों को दूर कर कार्यकर्ताओं में नया जोश भरा। जिला अध्यक्ष तारिणी चंद्राकर ने विगत एक माह में हुई संगठन की गतिविधियों से शीर्ष नेतृत्व को अवगत कराया साथ ही आगामी कार्य योजना के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। स्थानीय जनसमस्याओं और सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ ब्लॉक से लेकर जिला स्तर तक बड़े पैमाने पर आंदोलन तेज करने की रणनीति बनी।

इस दौरान मोहन लालवानी, शरद लोहाना, विपिन साहू, राजकुमारी दीवान, नीलम चंद्राकर, आनंद पवार, संतोषी निषाद, शारदा साहू, अरविंद दोशी, चंद्रकला नेताम, डॉ विजय प्रकाश जैन, करण चंद्राकर, योगेश शर्मा, गौतम वाधवानी, सलीम रोकडिया, सूर्यप्रभा चेटियार, नरेश जसूजा, आलोक जाधव, आकाश गोलछा, विक्रांत पवार, विक्रांत शर्मा, स्मिता सिंह, मनीषा साहू, कृष्णा मरकाम, दीपक सोनकर, राजा देवांगन, अंबिका सिन्हा, मनोज साक्षी, हरनारायण साहू, लकेश्वर साहू, अविनाश मारोठे, अविनाश गौर, विशु देवांगन, हितेश गंगवीर, सुमन मेश्राम, उदितनारायण साहू सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**निष्ठावान कार्यकर्ता ही हमारी असली ताकत**

विनोद तिवारी ने कहा कि कांग्रेस की असली ताकत हमारे निष्ठावान कार्यकर्ता हैं। उन्होंने पदाधिकारियों को हिदायत दी कि जनता के सुख-दुख में उनकी सहभागिता दिखनी चाहिए और हर महीने होने वाली बैठकें जमीनी हकीकत को मजबूत करेंगी। सकलेन कामदार ने कार्यकर्ताओं का आह्वान करते हुए कहा कि वर्तमान में जनता के हक के लिए सड़क पर उतरकर लड़ाई लड़ना ही हमारा मुख्य लक्ष्य है। उन्होंने स्पष्ट किया कि आगामी आंदोलनों में सभी ब्लॉकों की सक्रिय भागीदारी अनिवार्य होगी। धमतरी विधायक ओंकार साहू, सिहावा विधायक अम्बिका मरकाम, पूर्व विधायक गुरमुख सिंह होरा, पूर्व विधायक डॉ. लक्ष्मी ध्रुव, पूर्व विधायक लेखराम साहू, धमतरी विधानसभा संगठन प्रभारी अश्वनी राजपूत ने अपना सुझाव एवं मार्गदर्शन प्रदान किया।

# पुरानी रंजिश में स्कूल बस चालक पर चाकू से हमला, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद



एजे इंग्लिश स्कूल की बस के चालक पर चाकू से हमला करने के मामले में कुरूद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। पुलिस ने वारदात में प्रयुक्त स्प्लेंडर मोटरसाइकिल और धारदार हथियार भी जब्त कर लिया है।

पुलिस के अनुसार 28 जुलाई को दोपहर करीब 3:15 बजे स्कूल बस बच्चों को घर छोड़ने जा रही थी। इसी दौरान सुनीलम सिनेमा के पास मोटरसाइकिल सवार दो युवकों ने बस रोककर चालक से पुरानी रंजिश को लेकर विवाद किया। आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी और धारदार हथियार से हमला कर चालक को घायल कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही थाना कुरूद में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की विभिन्न धाराओं एवं आर्म्स एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू की गई। विवेचना के दौरान पुलिस ने साक्ष्यों और गवाहों के आधार पर आरोपी रोहन साहू (21) निवासी मोंगरा, हाल निवास अमृत विहार कॉलोनी कुरूद को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। इस मामले में शामिल एक विधि से संघर्षरत बालक के विरुद्ध किशोर न्याय अधिनियम के तहत वैधानिक कार्रवाई की गई है।

# महानदी उफान पर, बिजली के पोल के सहारे खेत पहुंचने को मजबूर बिरनपुर के किसान

■ वर्षों से एनीकट निर्माण की मांग अधूरी, बरसात में जान जोखिम में डालकर कर रहे आवागमन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी



महानदी के उस पार बसे ग्राम बिरनपुर के किसानों को इन दिनों भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लगातार बारिश के कारण महानदी उफान पर है, जिससे किसानों का खेतों तक पहुंचना मुश्किल हो गया है और खेती-किसानी का कार्य प्रभावित हो रहा है।

ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने वर्षों से महानदी पर एनीकट निर्माण की मांग शासन-प्रशासन के समक्ष रखी है, लेकिन अब तक इस दिशा में कोई ठोस पहल नहीं हो सकी है। स्थायी पुल या एनीकट के अभाव में ग्रामीणों ने आवागमन के लिए अस्थायी रूप से बिजली के पोल का सहारा लेकर रास्ता बनाया है। इसी जोखिम भरे मार्ग से किसान अपनी जान जोखिम में डालकर खेतों तक पहुंचने को मजबूर हैं।

ग्रामीणों के अनुसार हर वर्ष बरसात के मौसम में यही स्थिति बन जाती है। नदी में जलस्तर बढ़ने से किसानों को खेती-किसानी के कार्यों में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इससे समय पर कृषि कार्य नहीं हो पाते, जिसका असर उनकी आजीविका पर भी पड़ता है।

इस समस्या से शकुंतला ठाकुर, योगेश साहू, जोगेंद्र साहू, रेवा पटेल, संतोष निषाद सहित ग्राम बिरनपुर के अनेक किसान प्रभावित हैं। इसके अलावा नगरी क्षेत्र के भी कई किसान इसी मार्ग से अपने खेतों तक पहुंचते हैं।

ग्रामीणों ने शासन और प्रशासन से मांग की है कि किसानों की वर्षों पुरानी मांग को गंभीरता से लेते हुए महानदी पर शीघ्र एनीकट अथवा सुरक्षित आवागमन की स्थायी व्यवस्था की जाए, ताकि बरसात के दिनों में किसानों को जान जोखिम में डालकर खेतों तक जाने के लिए मजबूर न होना पड़े।

# सीजी पांच एक्सपो इवेंट में लगेगी लाइट व साउण्ड सिस्टम की प्रदर्शनी

■ नई मंडी में 8 व 9 अगस्त को लगेगा साउण्ड मेला

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



लोगों को डीजे व साउण्ड सिस्टम से संबंधित सही सामान व किफायती दाम में मिल सके व धमतरी में व्यापार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से यूनिटी इवेंट टीम द्वारा नई मंडी परिसर में दो दिवसीय सीजी 05 एक्सपो इवेंट लाइट व साउण्ड मेला का आयोजन किया जा रहा है जिसमें छग प्रदेश व दूर-दूर के राज्यों से भी लोग खरीदारी करने पहुंचेंगे।

सीजी एक्सपो कार्यक्रम के आयोजन यूनिटी इवेंट के सदस्यों ने आयोजन को लेकर गुरूवार को सोरिद डिपोपारा में स्थित वीणा मैरिज ग्राउंड में प्रेसवार्ता रखी। बताया कि आगामी 8 व 9 अगस्त को नई कृषि उपज मंडी में यह एक्सपो रखा गया है जिसमें प्रदेश सहित विभिन्न राज्यों के लोग शामिल होंगे। जिले में इस तरह के आयोजन का यह पांचवां वर्ष है। इस एक्सपो इवेंट की शुरूआत जिले में वर्ष 2022 में हुई थी। आज यह एक्सपो इवेंट नेशनल लेवल का बन चुका है जिसका फायदा लाइट व साउण्ड सिस्टम के व्यवसाय से जुड़े लोगों व इससे संबंधित खरीददारों को मिल रहा है। इससे धमतरी के व्यवसाय जगत व पर्यटन को नई पहचान मिली है। यूनिटी इवेंट टीम ने बताया कि इस प्रदर्शनी में छत्तीसगढ़ सहित आसपास के राज्यों से विजिटर्स आते हैं। वहीं बड़ी-बड़ी कंपनियां भी भाग लेती हैं जिससे साउण्ड लाइट के व्यापार को गति व पारदर्शिता मिलती है। इवेंट का उद्देश्य धमतरी जिले के व्यापार को बढ़ाना और साउण्ड के व्यापार में एकरूपता व मधुरता लाना है।

टीम ने बताया कि प्रदर्शनी देखने के लिए 100 रूपये का शुल्क रखा गया है। यूनिटी इवेंट टीम के बृजेश गजेन्द्र, ज्वाला प्रसाद दुबे, तमेश साहू, मुशाहिद रजा, सलीम रजा, लालचंद सिन्हा, यशवंत कामड़े, आशीष साहू व बेनीराम साहू ने सीजी एक्सपो का हिस्सा बनने लोगों से आग्रह किया है।

# लेडीज क्लब की रचना बनीं अध्यक्ष



**धमतरी।** सामाजिक, सांस्कृतिक एवं पारिवारिक मूल्यों को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से संचालित लेडीज क्लब का शपथ ग्रहण समारोह गरिमामय वातावरण में हुआ। समारोह में नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। रचना नायडू को अध्यक्ष, तनुजा सेन को सचिव तथा प्रतिमा दीवान को कोषाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई।

वरिष्ठ सदस्य डॉ. भारती नायडू ने मंच संचालन की बागडोर संभालते हुए क्लब की संरक्षिका श्रीमती कामिनी कौशिक, संचालिका उषा गुप्ता, तत्कालीन अध्यक्ष काजल सिन्हा, सचिव साधना साहू तथा कोषाध्यक्ष रचना नायडू का पुष्पगुच्छ भेंट कर अभिनंदन किया। संचालिका उषा गुप्ता ने क्लब की संरक्षिका श्रीमती कामिनी कौशिक के व्यक्तित्व, नेतृत्व क्षमता तथा उनके मार्गदर्शन की प्रशंसा की। कामिनी कौशिक ने पदाधिकारियों एवं सदस्याओं को पद की गरिमा, जिम्मेदारी तथा संगठन की मर्यादा बनाए रखने का संदेश दिया। अध्यक्ष रचना नायडू ने कहा कि क्लब की प्रगति सभी के सहयोग और सहभागिता से ही संभव है। निवर्तमान अध्यक्ष काजल सिन्हा ने भी अपने विचार रखे। यह आयोजन श्रद्धा कश्यप एवं शारदा साहू की किट्टी के अवसर पर हुआ। इस दौरान विभिन्न मनोरंजक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन हुआ।

# नाली पर हुए अधूरे निर्माण हटाए गए

■ शंकरदाह में प्रशासन ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



ग्राम शंकरदाह में सार्वजनिक नाली पर किए जा रहे अवैध निर्माण के खिलाफ बुधवार को प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए जेसीबी की मदद से कई निर्माणाधीन ढांचों को हटाया। लगातार बारिश के बीच राजस्व विभाग, पुलिस बल और ग्राम पंचायत की मौजूदगी में यह अभियान चलाया गया। कार्रवाई के बाद नाली की सफाई भी कराई गई, जिससे वर्षा जल की निकासी का मार्ग सुचारू हो गया।

ग्राम शंकरदाह में लंबे समय से नाली के ऊपर निर्माण किए जाने की शिकायतें सामने आ रही थीं। ग्रामीणों का कहना था कि नाली अवरुद्ध होने से बारिश के दौरान पानी की निकासी रुक जाती थी। इसके कारण गलियों और आसपास के क्षेत्र में जलभराव की स्थिति बन जाती थी। वहीं पास स्थित रपटा भी प्रभावित होता था, जिससे लोगों को आवागमन में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता था। समस्या को देखते हुए ग्राम सभा में इस विषय पर चर्चा की गई और सर्वसम्मति से अतिक्रमण हटाने का प्रस्ताव पारित किया गया। इसके बाद ग्राम पंचायत ने प्रस्ताव जिला प्रशासन को भेजकर आवश्यक कार्रवाई का अनुरोध किया था।

बुधवार को प्रशासनिक टीम तय कार्यक्रम के अनुसार गांव पहुंची। नायब तहसीलदार के नेतृत्व में राजस्व विभाग के अधिकारियों, पुलिस बल और जेसीबी मशीन की सहायता से नाली पर बनाए जा रहे लगभग आठ से दस अधूरे निर्माणों को हटाया गया। बारिश के बावजूद कार्रवाई बिना किसी बाधा के पूरी की गई। निर्माण हटाने के तुरंत बाद नाली की सफाई कर उसमें जमा मलबा और अवरोध भी हटाए गए, जिससे पानी का बहाव सामान्य हो गया।

नायब तहसीलदार दुर्गेश तंवर ने बताया कि नाली पर अवैध निर्माण किए जाने की जानकारी मिलने के बाद ग्राम सभा का प्रस्ताव प्राप्त हुआ था। नियमानुसार प्रक्रिया पूरी करने के बाद पुलिस प्रशासन के सहयोग से कार्रवाई की गई। उन्होंने कहा कि नाली खुलने से अब वर्षा के पानी की निकासी बेहतर होगी और जलभराव की समस्या से राहत मिलने की उम्मीद है।

# पौधारोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**धमतरी।** लायंस क्लब धमतरी फ्रेंड्स द्वारा चार्टर्ड प्रेसिडेंट लायन सीए अजय पारेख (25 जुलाई) एवं मार्केटिंग चेयरपर्सन लायन कामिनी कौशिक (28 जुलाई) के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में 27 जुलाई को इंडेन गैस एजेंसी परिसर में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष लायन शकुंतला साहू एवं क्लब एडमिनिस्ट्रेटर एमजेएफ लायन, मनोज सोनी ने पौधरोपण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वृक्ष केवल पर्यावरण की सुरक्षा ही नहीं करते, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ और स्वस्थ जीवन का आधार भी हैं। कार्यक्रम में कोषाध्यक्ष लायन अंजुला सोनी, कामिनी कौशिक, सर्विस चेयरपर्सन डॉ. सरिता दोशी, सहसचिव लायन पूजा साहू, सह कोषाध्यक्ष लायन धनवती किरी, क्लब एडमिनिस्ट्रेटर एमजेएफ लायन मनोज सोनी, पूर्व अध्यक्षगण लायन भूपेश शाह, लायन अजय पारेख, लायन लक्ष्मण हिंदूजा, लायन विजय अग्रवाल, लायन एसडी नानकानी, हरजिंदर छाबड़ा, मोहन अग्रवाल, सुरेश गोयल, राजकुमार वर्दयानी समेत अन्य उपस्थित रहे।



## खबर संक्षेप

### हर घर तिरंगा और सिपाही रक्षा सूत्र अभियान को लेकर बैठक आज



**धमतरी।** भाजपा महिला मोर्चा ने सिपाही रक्षा सूत्र अभियान, हर घर तिरंगा अभियान तथा संत रविदास की 650वीं जयंती के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों को व्यापक स्तर पर सफल बनाने कार्ययोजना तैयार की है। महिला मोर्चा जिला महामंत्री प्रियंका सिन्हा ने बताया कि सिपाही रक्षा सूत्र अभियान के तहत सीमा पर तैनात सैनिकों और आंतरिक सुरक्षा में लगे जवानों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त करते हुए उन्हें रक्षा सूत्र भेजे जाएंगे। 10 से 15 अगस्त तक घर तिरंगा अभियान चलेगा। उन्होंने बताया कि 31 जुलाई को जिला कार्यालय में महिला मोर्चा की जिला कार्यसमिति की बैठक होगी। बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जिला प्रभारी पुष्पलता चौहान तथा सहप्रभारी माधुरी साहू अभियान की रूपरेखा और संगठनात्मक जिम्मेदारियों पर मार्गदर्शन देंगी।

### पारदर्शी परीक्षा व्यवस्था की दिशा में ऐतिहासिक एवं दूरदर्शी कदम : बघेल



**धमतरी।** भाजपा धमतरी जिला प्रभारी डॉ किरण बघेल ने लोकसभा में लोक परीक्षा (अनुचित साधन निवारण) संशोधन विधेयक 2026 के पारित होने का स्वागत करते हुए इसे देश के करोड़ों युवाओं के सुरक्षित भविष्य, ईमानदार प्रतिभा और पारदर्शी परीक्षा व्यवस्था की दिशा में एक ऐतिहासिक एवं दूरदर्शी कदम बताया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार युवाओं के सपनों, उनके परिश्रम और उनके भविष्य की रक्षा के लिए निरंतर ठोस एवं प्रभावी निर्णय ले रही है। यह संशोधन उसी दृढ़ संकल्प का प्रमाण है। भाजपा जिला प्रभारी ने कहा कि प्रतियोगी परीक्षाएं करोड़ों युवाओं की वर्षों की मेहनत, आशाओं और विश्वास का आधार होती हैं। प्रश्नपत्र लीक, नकल माफिया और संगठित परीक्षा अपराध जैसी गतिविधियां न केवल योग्य अभ्यर्थियों के साथ अन्याय करती हैं, बल्कि पूरे परीक्षा तंत्र की विश्वसनीयता को भी प्रभावित करती हैं। ऐसे अपराधों पर कठोर और प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के उद्देश्य से लाया गया यह संशोधन परीक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाएगा।

### बच्चों के उत्साह और संवाद ने जीता दिल

**नगरी।** छग राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग द्वारा ग्राम घठुला के शासकीय हाईस्कूल में बाल चौपाल 2.0 का आयोजन किया गया। रिमझिम बारिश के बीच आयोजित इस बाल चौपाल में बच्चों का उत्साह देखते ही बन रहा था। बच्चों ने पूरे आत्मविश्वास के साथ आयोग की अध्यक्ष डॉ. वर्णिका शर्मा के समक्ष अपनी बातें रखीं और विभिन्न विषयों पर खुलकर संवाद किया। मौके पर मन की बात सहप्रभारी प्रेमलता नागवंशी, जनपद अध्यक्ष महेश गोटा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष अकबर कश्यप, भाजपा बेलरगांव मंडल अध्यक्ष हुमित लिमजा, मंडल सह प्रभारी राकेश चौबे, महामंत्री मोनू साहू, दीपक साहू, चित्रांश नागवंशी, हृदय साहू, नरसिंग मरकाम, मौर्यध्वज सेन, आयुष दीवान, पन्नालाल मरकाम, राजेश गोसाई, कलावती मंडावी समेत अन्य मौजूद रहे।

# मूसलाधार बारिश से महानदी सहित क्षेत्र की अन्य नदियां और नाले उफान पर

- सांकरा-नगरी मार्ग पर भी बढ़ा जलस्तर, खेत खलिहान हुए लबालब

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

सिहावा क्षेत्र में लगातार दो दिनों से हो रही मूसलाधार बारिश से जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो गया है। महानदी सहित क्षेत्र की अन्य नदियां और नाले उफान पर हैं, जिससे कई प्रमुख मार्गों पर आवागमन बाधित हो गया है।

लगातार वर्षा तथा सोंढूर जलाशय से छोड़े गए पानी के कारण महानदी का जलस्तर तेजी से बढ़ गया है। तेज बहाव के साथ बहकर आए पेड़, लकड़ियां और मलबा सिहावा के मुख्य पुल से टकराते रहे, जिससे पुल की सुरक्षा रेलिंग बह गई और पुल का एक किनारा भी क्षतिग्रस्त हो गया। एहतियात के तौर पर प्रशासन ने पहले ही इस पुल पर आवागमन बंद कर दिया था और स्थिति पर लगातार निगरानी रखी जा रही है।

**महानदी सिहावा पुल की सुरक्षा रेलिंग बही, एक किनारा भी क्षतिग्रस्त**





बाढ़ के कारण सिहावा-बोराई-ओडिशा मार्ग का पुल, सीतानदी पुल तथा क्षेत्र के कई एनीकट जलमग्न हो गए हैं। इससे कई गांवों का संपर्क प्रभावित हुआ है और ग्रामीणों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

रिसगांव, खल्लारी समेत वनांचल क्षेत्र में पानी का स्तर कम नहीं हुआ है। इसमें आवागमन बंद है। वहीं गुरुवार को सांकरा-नगरी मार्ग स्थित महानदी पुल के आसपास भी पानी का स्तर काफी बढ़ा हुआ दिखाई दिया। मोड़ के समीप सड़क के ऊपर से पानी बहने के कारण मार्ग पर आवागमन प्रभावित होने की स्थिति बनी रही। प्रशासन द्वारा क्षेत्र की लगातार निगरानी की जा रही है और आवश्यकता अनुसार सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाई जा रही है।

### जलाभिषेक के लिए सुबह से लगी श्रद्धालुओं की कतारें

# सावन के पहले दिन शिवालयों में उमड़ी आस्था





हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

श्रावण मास के शुभारंभ के साथ गुरुवार को जिले का धार्मिक वातावरण पूरी तरह शिवमय हो गया। सावन के पहले दिन शहर और आसपास के प्रमुख शिवालयों में सुबह से ही श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। भक्तों ने भगवान शिव का जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक और विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-समृद्धि एवं मंगलकामना की प्रार्थना की। मंदिरों में हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयघोष लगातार गूंजते रहे। श्रद्धालुओं की सुविधा को देखते हुए मंदिर समितियों, पुलिस, प्रशासन और नगर निगम ने विशेष व्यवस्थाएं की थीं, जिससे पूरे दिन दर्शन-पूजन का क्रम सुचारु रूप से चलता रहा।

#### मंदिरों में भक्ति का माहौल, विशेष सजावट बनी आकर्षण

श्रावण मास के पहले दिन श्री बूढ़ेश्वर महादेव मंदिर, श्री रुद्रेश्वर महादेव मंदिर, श्री महाकालेश्वर मंदिर, श्री नागेश्वर मंदिर, श्री मकेश्वर महादेव मंदिर, श्री बटुकेश्वर मंदिर सहित जिले के अनेक शिवालयों में भक्तों की बड़ी संख्या पहुंची। मंदिरों को फूलों, रंग-बिरंगी झालरों और रोशनी से सजाया गया था, जिससे पूरा परिसर भक्तिमय वातावरण में नजर आया।

सुबह ब्रह्म मुहूर्त से ही श्रद्धालु जल, बेलपत्र, धतूरा, पुष्प, फल और प्रसाद लेकर मंदिरों में पहुंचने लगे। भगवान शिव का अभिषेक करने के बाद श्रद्धालुओं ने परिवार की खुशहाली, उत्तम स्वास्थ्य और जीवन में सुख-शांति की कामना की।

मंदिरों में भजन-कीर्तन और शिव स्तुति का आयोजन भी हुआ, जिससे वातावरण पूरी तरह आध्यात्मिक रंग में रंग गया। कई स्थानों पर कांवड़ यात्रियों और श्रद्धालुओं की सेवा के लिए पेयजल एवं प्रसाद वितरण के स्टॉल भी लगाए गए।

#### सुरक्षा के व्यापक इंतजाम, सावन सोमवार की तैयारी

श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए मंदिर परिसरों और आसपास के क्षेत्र में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए। पुलिस बल और स्वयंसेवकों की तैनाती कर दर्शन व्यवस्था को व्यवस्थित रखा गया। भीड़ नियंत्रण के लिए बैरिकेडिंग की गई, वहीं नगर निगम ने मंदिर परिसरों और मार्गों की साफ-सफाई के साथ पेयजल एवं स्वच्छता की व्यवस्था सुनिश्चित की।

#### भगवान शिव को पाने पार्वती ने की थी कठोर तपस्या

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार श्रावण मास भगवान शिव की आराधना के लिए अत्यंत पुण्यकारी माना जाता है। मान्यता है कि इसी माह देवी पार्वती की कठोर तपस्या से प्रसन्न होकर भगवान शिव ने उन्हें अपनी अर्धांगिनी के रूप में स्वीकार किया था। इसी कारण सावन में शिव पूजा, रुद्राभिषेक, मंत्र जाप, दान और सोमवार व्रत का विशेष महत्व बताया गया है।

#### सावन का पहला सोमवार 3 अगस्त को

इस वर्ष सावन का आरंभ शुभ योग में हुआ है, जिसे धार्मिक दृष्टि से अत्यंत मंगलकारी माना जा रहा है। सावन का पहला सोमवार 3 अगस्त को रहेगा, जबकि इसके बाद 10, 17 और 24 अगस्त को अन्य सोमवार पड़ेंगे। इन तिथियों को लेकर मंदिर समितियों ने विशेष पूजा, रुद्राभिषेक, भजन-कीर्तन और धार्मिक आयोजनों की तैयारियां भी प्रारंभ कर दी हैं। श्रद्धालुओं में पूरे श्रावण मास के दौरान शिव आराधना को लेकर उत्साह और आस्था का विशेष वातावरण बना हुआ है।

# जलभराव प्रभावित सोरिद वार्ड भर्रीपारा पहुंचे महापौर



- घर-घर जाकर सुनी समस्याएं, जल निकासी, पट्टा सर्वे, आवास एवं क्षतिपूर्ति के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

लगातार तीन दिनों से हो रही बारिश के कारण सोरिद वार्ड के भर्रीपारा क्षेत्र में जलभराव की स्थिति उत्पन्न होने पर महापौर रामू रोहरा ने गुरुवार सुबह लगभग 8 बजे प्रभावित क्षेत्र का स्थल निरीक्षण किया। महापौर ने जलभराव वाले मोहल्ले का पैदल भ्रमण करते हुए घर-घर जाकर वार्डवासियों से मुलाकात की और उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना। महापौर ने नगर निगम के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को तत्काल मौके पर बुलाकर जल निकासी की व्यवस्था कराने के निर्देश दिए। निगम की टीम ने मौके पर पहुंचकर आवश्यक संसाधनों के माध्यम से पानी निकासी का कार्य प्रारंभ कराया, जिससे क्षेत्रवासियों को राहत मिल सके। महापौर श्री रोहरा ने कहा कि नागरिकों की सुरक्षा एवं सुविधा नगर निगम की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि भर्रीपारा क्षेत्र में पट्टा सर्वे का कार्य शीघ्र पूर्ण किया जाए तथा पात्र परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना सहित अन्य शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने की प्रक्रिया तेज की जाए, ताकि जरूरतमंद परिवारों को स्थायी राहत मिल सके। निरीक्षण के दौरान महापौर को जानकारी मिली कि लगातार बारिश के कारण अजय देवांगन के मकान की दीवार गिर गई है। इस पर उन्होंने राजस्व विभाग के अधिकारियों को तत्काल स्थल निरीक्षण कर नुकसान का आकलन करने तथा शासन के नियमानुसार क्षतिपूर्ति राशि शीघ्र स्वीकृत कराने के निर्देश दिए। इस अवसर पर दीपक गजेंद्र, राजेश्वर सिन्हा, रितेश नेताम, इंद्रेश देवांगन, गुरेंद्र सिन्हा, महरु विश्वकर्मा, गजानंद साहू, प्रेम नेताम, ईश्वर, जोहन ढीमर, मधु ध्रुव, सतरूपा, दयावती, राजेश कश्यप सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित थे।

# भारी वर्षा के बीच कलेक्टर और एसपी ने संभाली कमान



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

जिले तथा आसपास के क्षेत्र में लगातार हो रही भारी वर्षा के कारण नदी-नालों का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। कई निचले इलाकों, रपटों, छोटे पुलों एवं पुलियों के ऊपर पानी आ जाने से कुछ मार्गों पर आवागमन अस्थायी रूप से प्रभावित हुआ है। जिला प्रशासन द्वारा स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है तथा लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं की जा रही हैं। कुकरेल और नगरी सड़क के बीच पड़ने वाले रपटा और कुकरेल नरहरा के बीच रपटा के ऊपर पानी आ जाने से आवागमन अस्थायी बंद है ।

इसी क्रम में कलेक्टर अबिनाश मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना पांडेय ने बुधवार को रुद्री बैराज तथा कुकरेल क्षेत्र का संयुक्त निरीक्षण कर जलभराव और आवागमन की स्थिति का जायजा लिया। अधिकारियों ने संबंधित विभागों से मौके की अद्यतन जानकारी प्राप्त की और राहत एवं सुरक्षा व्यवस्थाओं की समीक्षा की।

कलेक्टर ने कहा कि किसी भी परिस्थिति में लोगों को उफनते नदी-नालों, रपटों या पुल-पुलियों को पार करने की अनुमति न दी जाए। उन्होंने अधिकारियों को ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार मुनादी, सोशल मीडिया एवं अन्य माध्यमों से लोगों को सतर्क करने तथा संभावित जोखिम वाले स्थानों की निरंतर मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए।

#### जलभराव वाले क्षेत्रों पर लगातार निगरानी

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री मिश्रा ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत नगरी सहित संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जलभराव वाले क्षेत्रों पर लगातार निगरानी रखी जाए तथा जहां भी रपटों, पुलों एवं पुलियों के ऊपर पानी बह रहा हो, वहां तत्काल बैरिकेडिंग, चेतावनी संकेतक एवं आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने नगर सेना एवं राजस्व अमले को संवेदनशील और चिन्हांकित स्थलों पर तैनात रहने तथा किसी भी आपात स्थिति में तत्काल राहत एवं बचाव कार्य के लिए पूरी तरह तैयार रहने के निर्देश दिए।

#### अनावश्यक यात्रा से बचें

*कलेक्टर श्री मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना पांडेय ने जिलेवासियों से अपील की है कि वे अनावश्यक यात्रा से बचें, जलमग्न मार्गों एवं पुल-पुलियों को पार करने का प्रयास न करें तथा बच्चों को नदी-नालों और जलभराव वाले क्षेत्रों के आसपास जाने से रोकें। किसी भी आपात स्थिति या सहायता की आवश्यकता होने पर तत्काल जिला प्रशासन अथवा जिला आपातकालीन नियंत्रण कक्ष को सूचना दें।*

# जिला अस्पताल से अनावश्यक रेफरल रोकने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

जिला पंचायत में महिला एवं बाल विकास, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता विभाग की स्थायी समिति की बैठक सभापति मोनिका देवांगन की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में 17 मार्च 2026 को आयोजित पिछली बैठक के पालन प्रतिवेदन की समीक्षा करते हुए विभागों द्वारा संचालित योजनाओं, कार्यक्रमों एवं बजट व्यय की समीक्षा की गई।

बैठक में आयुष विभाग द्वारा जिले में संचालित आठ राष्ट्रीय आयुष योजनाओं की जानकारी दी गई। इनमें स्कूलों में बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण, 60 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों के लिए वयोमित्र-सियान जतन योजना, सुप्रजा योजना, स्वर्ण प्राशन अभियान, योग एवं योग शिक्षा, आंगनबाड़ी बच्चों को आयुर्वेदिक औषधि वितरण तथा कुपोषित बच्चों के आयुर्वेदिक उपचार जैसे कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में स्थायी समिति की सदस्य श्रीमती मीना साहू, श्रीमती गरिमा नेताम, महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती जगरानी एक्का, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. यूएल कौशिक, जिला अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ. एएस टोंडर, जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ. प्रिया कंवर, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की कार्यपालन अभियंता श्रीमती आशालता गुप्ता, खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग से फणिश्वर पिथौरा तथा आयुष विभाग से डॉ. कृपाराम ठाकुर सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।




#### सार्वजनिक शौचालय निर्माण पर भी चर्चा

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा बताया गया कि जिले में घर-घर नल जल योजना का कार्य पूर्ण हो चुका है तथा ग्राम समूह जल प्रदाय योजनाओं पर कार्य जारी है। ग्राम घटुला की पेयजल समस्या, जल स्रोतों की शुद्धता बनाए रखने के लिए कुओं, हैंडपंपों एवं पानी की टंकियों में सोडियम हाइपोक्लोराइट घोल के उपयोग तथा 35 नए बोरवेल खनन की जानकारी दी गई। ग्राम देवपुर में सार्वजनिक शौचालय निर्माण की मांग पर भी चर्चा की गई।

#### अस्पताल में उपलब्ध उपकरणों की ली जानकारी

स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान जिला अस्पताल की स्वास्थ्य सेवाओं, अटल लैब में उपलब्ध जांच सुविधाओं, अस्पताल में उपलब्ध विशेषज्ञ चिकित्सकों, दवाइयों एवं उपकरणों की स्थिति की जानकारी ली गई। सभापति मोनिका देवांगन ने निर्देश दिए कि किसी भी पात्र मरीज को अनावश्यक रूप से निजी अस्पतालों में रेफर न किया जाए तथा शासकीय अस्पतालों में उपलब्ध सभी सुविधाओं का बेहतर उपयोग किया जाए।

### राजपुर में कबड्डी स्पर्धा 12 अगस्त को

**मगरलोड।** ग्राम राजपुर में युवा संगठन एवं ग्रामवासियों सहयोग से हरियाली युवा कबड्डी खेल महोत्सव प्रतियोगिता का आयोजन 12 अगस्त बुधवार को किया गया है। प्रथम पुरस्कार 15000 रूपये, द्वितीय 10000 रूपये, तृतीय 7000 एवं चतुर्थ पुरस्कार 3000 रूपये है। प्रवेश शुल्क 350 रूपये रखा गया है। प्रतियोगिता की तैयारी में पंकज सिन्हा, तेजेश्वर कंवर, तनुज सिन्हा, रोहित पटेल, केवल पटेल जुटे हैं।

### आज से वर्षा की गतिविधियों में आएगी कमी

**धमतरी।** बंगाल की खाड़ी में लगातार 2 सिस्टम तैयार होने हुई बारिश से जिला तरबतर हो गया है। नदी नाले उफान पर आ गए। जिले में सामान्य से 18 प्रतिशत अधिक बारिश का रिकार्ड दर्ज किया गया है। इस बीच राहत भरी खबर है। 31 जुलाई से पूरे प्रदेश में वर्षा की गतिविधियों में कमी आने की संभावना है। मौसम विज्ञान केन्द्र रायपुर से मिली जानकारी के अनुसार पश्चिम मध्य छत्तीसगढ़, विदर्भ और दक्षिण पूर्व मध्यप्रदेश के आसपास इलाकों में बना अवदाब 15 किमी की रफ्तार से दक्षिण-पश्चिम की ओर बढ़ रहा है। 24 घंटे के दौरान अवदाब के रूप में विदर्भ, दक्षिण मध्यप्रदेश होते हुए पश्चिम-उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ने की संभावना है।

मानसून द्रोणिका जैसलमेर, रायसेन, पश्चिम मध्य छत्तीसगढ़, विदर्भ, मध्यप्रदेश के आसपास होते हुए बंगाल की खाड़ी के मध्य भागों तक फैली हुई है। इसके प्रभाव से शुक्रवार को प्रदेश के अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश, एक दो स्थानों में गरज-चमक के साथ वज्रपात होने की संभावना है। अधिकतम और न्यूनतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस और 24 डिग्री सेल्सियस के आसपास बने रहने की संभावना है।

पाठक सूचना
भखारा क्षेत्र में हरिभूमि समाचार पत्र की प्रतियाँ (अखबार), समाचार, विज्ञापन हेतु एवं हरिभूमि के स्थान पर अन्य अखबार दिया जा रहा है, तो संपर्क करें
संवाददाता भुवनेश्वर साहू अंवरी (भखारा) मो.: 9340707828
संवाददाता सुरेश साहू कोर्रा (भखारा) मो.: 6260953597

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 18,500/-
15 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण
अन्य दर्शन:-काशी विश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन- (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग), माना गाँव (भारत का अंतिम गाँव), धारी देवी, चोपता
15 सितम्बर, 26 सितम्बर, 10 अक्टूबर, 22 अक्टूबर, 2026, 02 मई 2027
राशि:-स्लीपर-18,500/-, 3 एसी- 26,500/-, 2 एसी- 30,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

पथरी का शर्तिया उपचार
क्या आपको ऑपरेशन की सलाह दी गई है?
तो मिलिए वैद्य राकेश साहू जी से
बिना ऑपरेशन पथरी का आयुर्वेदिक दवाओं से संपूर्ण निदान दोबारा होने की संभावना नहीं, दोबारा होने पर निःशुल्क इलाज
हमारे यहां सभी प्रकार के दर्द, साइटिका, बवासीर अंडकोष, चर्म रोग, सर्दी खांसी, बुखार एवं अन्य समस्याओं का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा सफल उपचार।
सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे
ज्योति जनरल स्टोर के पास, बंजारी (भाटापारा) कुरुद, जिला-धमतरी मो. 62686-80119

PIONEER FOUNDATION OF HIGHER EDUCATION
ADMISSIONS OPEN 2026-27
प्रवेश प्रारंभ 2026-27
DCA PGDCA BCA
SCHOLARSHIP WITH 100% RESULT
OLD DAJI MARATHI SCHOOL MARATHAPARA, DHAMTARI (C.G.)
पुराना दाजी मराठी स्कूल, मराठापारा, धमतरी (छ.ग.)
Contact : 8450022865, 9203522865 9203622865, 9203722865

हाटकेश्वर नागपंचमी महोत्सव 2026
काल सर्प दोष निवारण
यज्ञ अनुष्ठान
17 अगस्त 2026, सोमवार
नागपंचमी पर्व पर सिद्ध पीठ नागमंदिर हाटकेश्वर में त्र्यंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग नासिक के आचार्य पं. शिवा प्रसाद चतुर्वेदी एवं पं. कार्तिक शास्त्री के सानिध्य में विद्वान पंडितों के द्वारा काल सर्प दोष निवारण अनुष्ठान विधि विधान पूर्वक संपन्न कराया जाएगा।
पंजीयन 2101/- रूपये
संपर्क करें 99931-57703, 98278-32481 98935-70664, 98271-88577
समस्त श्रद्धालुओं से निवेदन है कि अधिक से अधिक संख्या में पधारें

चर्म रोग एवं एलर्जी क्लीनिक स्थायी इलाज
विशेषताएं- पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली
डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 3 एवं शाम 5 से 8 बजे तक (मंगलवार बंद)
पता : हनुमान मंदिर के पास सिहावा चौक, धमतरी मो. 86027-50020

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरुष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज